# समाज और राष्ट्र की दिशा बदलते हैं शोध


## राष्ट्रीय शोधार्थी समागम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा-

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 12 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शोध अकादमिक गतिविधि मात्र नहीं, यह समाज और राष्ट्र की दिशा बदलने वाली शक्ति है. कोई भी शोध इतना उच्च कोटि का होना चाहिए जो हम सबकी सोच को एक नई दृष्टि, नई दिशा भी दे.**

डॉ. यादव गुरुवार को मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् के विज्ञान भवन में दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोधार्थी समागम 2026 को संबोधित कर रहे थे. डॉ. यादव ने सभी शोधार्थियों से आह्वान किया कि वे देश के विकास के लिए अपनी जिज्ञासा और रुचि के अनुसंधान क्षेत्रों में निर्भीक होकर आगे बढ़ें. उन्होंने कहा कि जैसे आवश्यकता आविष्कार की जननी है, वैसे ही शोध विज्ञान और सभी वैज्ञानिक पद्धतियों का जनक है.

**हमारी संस्कृति में एकल शोध की परंपरा कभी नहीं रही:** डॉ. यादव ने कहा कि शोध सिर्फ एक शैक्षणिक आवश्यकता नहीं, सामाजिक परिवर्तन और विकास का सशक्त माध्यम भी है. हमारी संस्कृति में एकल शोध की परंपरा कभी नहीं रही. शोध समाज आधारित होना चाहिए, जिसमें राष्ट्र के कल्याण की बात कही जाए. डॉ यादव ने महाकाल: द मास्टर ऑफ टाइम वेबसाइट का शुभारंभ, महाकाल ब्रोशर सहित मैपकास्ट द्वारा आयोजित होने वाले 41वें मप्र युवा वैज्ञानिक सम्मेलन एवं विज्ञान उत्सव के पोस्टर का विमोचन किया. मुख्यमंत्री ने दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान द्वारा अनुसंधान परक लेखन पर आधारित सात पुस्तकों का भी विमोचन भी किया. राष्ट्रीय शोधार्थी समागम में देशभर से आए शोधार्थियों, शिक्षाविदों और विशेषज्ञों की सहभागिता रही.




### पश्चिम की आलोचना से कुछ नहीं होगा : आचार्य

पूज्य आचार्य मिथलेशनन्दिनीशरण महाराज ने कहा कि मप्र ने महाकाल की प्रतिष्ठा से विश्व को अवगत कराया है. हम दुनिया को सर्वस्व दे रहे हैं, क्योंकि हमारे पास महाकाल हैं. शोधार्थी एक प्रकार से बोधार्थी भी हैं, जो शोध हमें बोध तक न ले जाए, वो व्यर्थ है. मनुष्य का ज्ञान चिंतन आधारित है, न कि डाटा आधारित. डाटा का विश्लेषण करना तो मशीनों का काम है. हम पश्चिमी देशों से क्यों डरते हैं. पश्चिम की केवल आलोचना करने से कुछ नहीं होने वाला. हमें समग्र रूप से सभी दिशाओं में सोचते हुए शोध करना है. हमारे शोध को भारतीय संस्कृति और चरित्र मूलक होना चाहिए, प्रतिक्रिया पराणय न हो. कोई भी नया विचार नवाचार नहीं होता है. परंपराओं को अंगीकार करते हुए नया काम करना ही नवाचार है.

> वरिष्ठ लेखक एवं चिंतक सुरेश सोनी ने बीज वक्तव्य में कहा कि भारत के भौगोलिक स्वरूप में वेद आधारित सांस्कृतिक परिदृश्य नजर आता है. भारत के पुनरोत्थान के लिए पं. दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था कि इसमें विदेशी मूल्यों का प्रकटीकरण नहीं होना चाहिए. भारत में पिछले 150 से 200 सालों में यूरोप आधारित अकादमिक शिक्षा व्यवस्थाएं लागू की गईं. अब हमारे शोधार्थी कला, संस्कृति, न्याय, अर्थव्यवस्था जैसे अन्य विषयों पर भारतीय शिक्षा पद्धति आधारित शोध पर कार्य करें. इसमें भारतीय समग्रता को भी ध्यान में रखा जाए.

# अब प्रदेश के सभी कार्यालयों और स्कूलों में वंदे मातरम् गायन होगा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राष्ट्रगान जन-गण-मन से पहले सभी कार्यालयों और स्कूलों में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के छह छंदों के गायन का निर्णय लिया है. यह अत्यंत सराहनीय एवं अभूतपूर्व पहल है. इसके जरिए पूरा देश अमर शहीदों के बलिदान को स्मरण करेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में हमारे वीर सेनानियों ने वंदे मातरम् गाते हुए स्वयं को देश के लिए बलिदान कर दिया. मप्र सरकार, केंद्र सरकार के इस निर्णय के साथ खड़ी है और वंदे मातरम् गायन के निर्णय को त्वरित रूप से प्रदेश में लागू कर रही है.

> **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- अभूतपूर्व पहल**

# बजट सत्र से पहले 3 मंत्रियों को बर्खास्त करने की मांग

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 12 फरवरी. मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य विधानसभा के आगामी बजट सत्र से पहले मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखकर राज्य के तीन मंत्रियों को बर्खास्त करने की मांग की है.**



पटवारी ने लिखा है कि बजट सत्र 16 फरवरी से प्रारंभ होना प्रस्तावित है. उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक मर्यादाओं और प्रशासनिक नैतिकता से भटक गई है.

पटवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश एक लोकतांत्रिक रूप से संचालित राज्य है, जहां शासन की प्रत्येक इकाई से संवैधानिक सिद्धांतों के पालन की अपेक्षा की जाती है. उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार का कार्यकलाप जनभावनाओं के विपरीत प्रतीत हो रहा है और इससे अहंकार एवं अधिनायकवादी प्रवृत्तियों को बढ़ावा मिल रहा है. सत्र की शुरुआत में प्रस्तावित राज्यपाल के अभिभाषण का उल्लेख करते हुए पटवारी ने दावा किया कि इसमें जमीनी हकीकत के बजाय बढ़ा-चढ़ाकर आंकड़े प्रस्तुत किए जा सकते हैं. पटवारी ने कहा कि राज्य के तीन मंत्रियों को अभिभाषण के दौरान मौजूद नहीं रहना चाहिए.

> उन्होंने विजय शाह पर महिला एवं भारतीय सेना के अपमान के आरोपों का हवाला दिया. साथ ही स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल के कार्यकाल में छिंदवाड़ा में जहरीली सिरप से कई बच्चों की मौत का मुद्दा उठाया. नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पर अपने क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में विफल रहने का आरोप भी लगाया. पटवारी ने कहा कि इन विवादों के बावजूद मंत्रियों का पद पर बने रहना दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है.

# कफ सिरप मामले में बढ़ सकते हैं आरोपी

**छिंदवाड़ा.** जिले के चर्चित कफ सिरप कांड में मेडिकल विशेषज्ञों की अंतिम रिपोर्ट आने के बाद आरोपियों की संख्या बढ़ने की संभावना जताई जा रही है. हाल ही में प्राप्त विसरा रिपोर्ट में कोल्डरिप कफ सिरप के सैंपल में जहरीले रसायन डीईजी (डायएथिलीन ग्लाइकोल) पाए जाने की पुष्टि हुई है, जिसके बाद जांच एजेंसियां और अधिक सक्रिय हो गई हैं. प्रारंभिक जांच में जिन लोगों की भूमिका सामने आई थी, उनके अलावा अब निर्माण, सप्लाई और वितरण श्रृंखला से जुड़े अन्य व्यक्तियों की जिम्मेदारी भी तय की जा सकती है. विस्तृत रिपोर्ट में लापरवाही या मिलावट की पुष्टि होती है, तो संबंधितों पर सख्त कार्रवाई होगी.

# लॉरेंस गैंग के नाम पर बिल्डर से 10 करोड़ रुपए मांगे

**अशोकनगर, 12 फरवरी. जिले के एक बिल्डर और कारोबारी को कथित तौर पर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर धमकी मिली है. कारोबारी से 10 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई है. धमकाने वाले व्यक्ति ने खुद को गैंग का सदस्य हरि बॉक्सर बताया.**

व्हाट्सएप वॉयस नोट के जरिए उसने कहा कि हमने एक बार जिसे फोन कर दिया उसे बगैर पैसे लिए नहीं छोड़ा. उसे मारा है या पैसे लिए हैं. तेरी हर एक डिटेल मेरे पास है. कोई गलतफहमी मत पालना. पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस और साइबर सेल ने मामले की जांच शुरू कर दी है. कारोबारी के मुताबिक उन्हें तीन अलग अलग इंटरनेशनल नंबरों से व्हाट्सएप कॉल और मैसेज मिले. फोन नहीं उठाने पर वॉयस नोट भेजे गए.


कारोबारी ने पूरे मामले की लिखित शिकायत पुलिस थाने में दी. आवेदन में उन्होंने कॉल आने वाले तीनों नंबरों का जिक्र किया है. पुलिस ने शिकायत मिलते ही साइबर सेल की मदद ली है. कॉल करने और वालों की लोकेशन और इस्तेमाल किए गए नेटवर्क का पता लगाया जा रहा है. मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधकिारी भी नरज रखे हुए हैं.

# मध्यप्रदेश में फिर बदला मौसम, दिन के तापमान में गिरावट

## अगले पांच दिनों में दो नए सिस्टम सक्रिय, बारिश की संभावना नहीं

> **1.7 से 2.7 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया**

> **24 घंटों के दौरान संभागों में मौसम शुष्क रहा**



**भोपाल, 12 फरवरी. मध्य प्रदेश में एक बार फिर मौसम ने करवट ली है. पश्चिमी विक्षोभ और ट्रफ लाइन के प्रभाव से राजधानी भोपाल सहित कई जिलों में बादल छाए रहे, जिससे दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई. बादलों के कारण धूप का असर कम रहा और वातावरण में हल्की ठंडक बनी रही. हालांकि मौसम विभाग ने फिलहाल बारिश की संभावना से इनकार किया है.**

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, अगले पांच दिनों के भीतर पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में दो नए पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होंगे. पहला सिस्टम 13 फरवरी से और दूसरा 16 फरवरी से प्रभावी हो सकता है. इनका सीधा असर प्रदेश में वर्षा के रूप में नहीं दिखेगा, लेकिन आंशिक बादल छाए रहने और तापमान में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रह सकती है. पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा. अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ, लेकिन भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, चंबल, रीवा, जबलपुर और सागर संभागों में यह सामान्य से 1.7 से 2.7 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया. शेष संभागों में तापमान सामान्य स्तर पर रहा. न्यूनतम तापमान में भी खास बदलाव नहीं हुआ. इंदौर, नर्मदापुरम, ग्वालियर और सागर संभागों में यह सामान्य से 1.9 से 2.4 डिग्री अधिक रहा.




एक्स-शोरूम कीमत ₹84,811#

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक

HDFC BANK | SBI card क्रेडिट कार्ड | Powered by pine labs

Hero GoodLife Stand a chance to win Gold and Silver Coins and many more assured benefits*

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. World's no 1 disclaimer - Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2025 Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market(CY25). Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at selectdealerships. *Limited period offer, T&C Apply. #Ex-showroom price of Glamour X Drum variant in Madhya Pradesh.

TOLL FREE NO. 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोर: मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबाद: पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, सागर: सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर: गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो, 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, नेहरू नगर, भोपाल: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650, 51,52,53, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379.

FCB INTERFACE/8486/DEC25/HINDI

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14